एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सत्ते पे सत्ता के रीमेक में रितिक के ऑपोजिट नजर आएंगी कटरीना कैफ

हिंदी की सुपरहिट फिल्म सत्ते पे सत्ता का रीमेक बनने जा रहा है और इसमें रितिक रोशन लीड रोल में होंगे। अगर रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में रितिक के साथ फिल्म बैंग बैंग की को-स्टार कटरीना फीमेल लीड में दिखाई देंगी और वही किरदार निभाएंगी जो हेमा मालिनी ने निभाया था। पहले ऐसी खबर सामने आ रही थी कि इस रोल के लिए दीपिका पादुकोण को लिया जा सकता है। हालांकि अब फिल्म से जुड़े एक नजदीकी सूत्र ने कन्फर्म किया है कि इस रोल के लिए कटरीना को ही कास्ट किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस रोल के लिए फिल्म के मेकर्स कई ए-लिस्ट वाली हिरोइनों के नाम पर विचार कर रहे थे। यह उनके लिए एक कठिन फैसला था लेकिन बाद में उन्हें यही लगा कि कटरीना ही इस रोल के लिए फिट होंगी। कटरीना भी इस रोल के लिए काफी उत्साहित हैं। बता दें कि ऑरिजनल फिल्म सत्ते पे सत्ता 7 भाइयों की कहानी थी और अमिताभ बच्चन ने सबसे बड़े भाई के अलावा डबल रोल भी निभाया था। रीमेक में अमिताभ के रोल में रितिक रोशन होंगे। अभी अन्य किरदारों की कास्टिंग होना बाकी है और इसमें कुछ समय लग सकता है।

सामन्था अक्किनेनी ने दिखाया अपना छिपा हुआ टैटू

साउथ की सुपरहिट ऐक्ट्रेस सामन्था अक्किनेनी अपनी फिल्मों और खूबसूरत तस्वीरों के कारण हमेशा चर्चा में रहती हैं। अब सामन्था अपनी एक और तस्वीर के कारण चर्चा में हैं। हाल में उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए अपना एक छिपा हुआ टैटू दिखाया है जो किसी ने नहीं देखा है। अपनी हालिया रिलीज तेलुगू फिल्म ओ बेबी की सफलता इंजॉय कर रहीं सामन्था के इस टैटू को देखकर उनके फैन्स भी हैरान रह गए हैं। उन्होंने इस फोटो को शेयर करते हुए अपने पति नागा चैतन्य का नाम भी लिखा है। दरअसल सामन्था का यह टैटू उनके रिब्स पर बना है जो सामान्यत: टॉप से छिपा रहता है। उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, अपनी बेहतरीन जिंदगी जी रही हूं। इकलौता टैटू जो अब तक मैं छिपाए रही हूं, फाइनली दिखा रही हूं। चैतन्य, मेरे पति मेरी दुनिया। वैसे इस तस्वीर के साथ ही वाइट ड्रेस में सामन्था ने अपनी कुछ और तस्वीरें भी शेयर की हैं जिनमें वह काफी खूबसूरत लग रही हैं।

नच बलिए 9 में जज की भूमिका में होंगी रवीना

नच बलिए टेलीविजन पर सबसे लोकप्रिय डांस रियलिटी शो में से एक है. साल 2017 में इस शो का बीता सीजन दर्शकों में काफी लोकप्रिय हुआ था. इस शो में रियल लाइफ की फेमस जोड़ियां नजर आईं थी. टीवी अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया शो के विजेता के रूप में उभरे. बीते सीज़न में टेरेंस लुईस, सोनाक्षी सिन्हा, और मोहित सूरी शो के जज थे तो वहीं करण टेकर और उपासना सिंह की तरफ से इस शो को होस्ट किया गया था. इस बार के सीजन का प्रीमियर स्टार प्लस पर कर दिया गया है, साथ ही शो में हिस्सा लेने वाली जोड़ियों का भी खुलासा किया गया है. प्रीमियर एपिसोड में मनीष पॉल शो होस्ट के तौर पर नजर आए उनसे साथ शो के प्रोड्यूसर सलमान खान भी नजर आए थे. मगर शो के जज को लेकर चर्चाएं गर्म थीं. बता दें बॉलीवुड की एक लोकप्रिय अभिनेत्री को शो की जज हैं. वह अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड अभिनेत्री रवीन टंडन हैं. वीना टंडन ने कहा कि शो की यूएसपी यह थी कि लॉन्च एपिसोड पूरी तरह से आश्चर्यचकित करने वाला था और निर्माता ऐसा करने में कामयाब रहे. वह खुश हैं कि उन्हें अब तक मिली प्रतिक्रियाओं से बहुत अच्छा लग रहा है. इसके अलावा, रवीना इस बात से खुश हैं कि इस सीजन में उनके पास प्रतिभाशाली कंटेस्टेंट्स की अच्छी लिस्ट है. रवीना ने कहा, मुझे लगता है कि यह देखने के लिए शानदार सीजन साबित होने जा रहा है. मेकर्स ने कंटेस्टेंट्स के नामों को हमसे छुपा के रखा था. रवीना के अलावा कोरियोग्राफर अहमद खान भी इस बार शो को जज करते हुए नजर आने वाले हैं.